तत्काल रिलीज़ करने के लिए
प्रीमीयर का कार्यलाय
13 अप्रैल, 2021

वैसाखी पर प्रीमीयर होर्गन का बयान

विक्टोरिया—प्रीमीयर जॉन होर्गन ने वैसाखी के अवसर पर निम्नलिखित बयान जारी किया हैः

"लोग बी.सी. और दुनिया भर में सिख धर्म में पवित्रतम छुट्टियों में से एक वैसाखी मनाने के लिए इकट्ठे हो रहे हैं।

"सिख 300 साल पहले हुए खालसा सृजन के उत्सव को वैसाखी के तौर पर मनाते हैं।

"वैसाखी आम तैर पर गुरुद्वारों में धार्मिक समारोहों, जीवंत इकट्ठों और नगर कीर्तनों के रुप में मनाया जाता है, जहां दोस्त और परिवार इक्टठा होते हैं। भारत से बाहर सिखों की सबसे बड़ी आबादी बीसी में है और मैं हमेशा पूरे प्रांत में होने वाले वैसाखी समारोहों में शामिल होने कि लिए तत्पर रहती हूँ।

"हालांकि इस साल एक बार फिर हमें सुरक्षित रहने के लिए अलग रहने की ज़रुरत है, लेकिन आगे आने वाले दिन बेहतर होंगे। तब तक अपने दोस्तों, परिवारों और पड़ोसियों से संपर्क करें। प्रियजनों से साध वीडियो चैट या फोन कॉल के लिए समय निकालें, 'वर्चूअल वैसाखी' कार्यक्रम में शामिल हों और छोटे समूहों में आउटडोर सुरक्षित तरीके से वैसाखी मनाएं।

"ये चुनौतीपूर्ण समय है, लेकिन सिख समुदाय के मूल में करुणा और उदारता के मूल्य सदैव एक ताकत के स्रोत बने रहेंगे।

"जो भी वैसाखी मना रहे हैं, उन सभी को ब्रिटिश कोलंबिया सरकार की तरफ सेः वैसाखी की शुभकामनाएं!"

"वैसाखी दीयां लख लख वधाइयां!"

संपर्कः

Lindsay Byers
प्रेस सचिव
उप संचार निदेशक
प्रीमियर का कार्यालय
Lindsay.Byers@gov.bc.ca